# छात्रों के साथ-साथ अभिभावकों के लिए भी काउंसलिंग सेशन होगा आयोजित : डॉ सुधांशु राय



कानपुर (नगर छाया समाचार) । छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय एंप्लॉयमेंट ब्यूरो एवं जनता महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में ऑनलाइन करियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया द्य

कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय एंप्लॉयमेंट ब्यूरो के प्रमुख डॉ सुधांशु राय एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर नलिनी शुक्ला द्वारा किया गयाद्य

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मुख्य वक्ता विश्वविद्यालय के चीफ एंप्लॉयमेंट ब्यूरो डॉ सुधांशु राय ने कहा आज युवाओं एवं छात्रों को सही मार्गदर्शन देने एवं सफलता प्राप्त करने में काउंसलिंग की महत्वपूर्ण भूमिका होती है विश्वविद्यालय छात्रों के साथ साथ शिक्षकों की काउंसलिंग भी करेगा जिससे वे शिक्षक छात्रों हेतु श्रेष्ठ काउंसलर की भूमिका निभा सकेंद्य डॉ सुधांशु राय ने प्रेजेंटेशन स्किल बढ़ाने पर जोर दिया और आत्मविश्वास के साथ रचनात्मक कार्यों को करने पर फोकस करने को कहाद्य

विशिष्ट वक्ता मोटिवेशनल काउंसलर डॉ शिवा मिश्रा ने कहा कि करियर काउंसलिंग के साथ-साथ पर्सनल काउंसलिंग अत्यंत आवश्यक है खास तौर पर छात्राओं हेतु जहां वह अपनी बातों को व्यक्त नहीं कर पाती हैं वहां वह छात्राएं काउंसलर्स से अपनी भावनाओं को व्यक्त कर सही मार्गदर्शन पा सकती हैं द्य

महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ नलिनी शुक्ला ने कहा हमें हर स्तर पर काउंसलिंग करना आवश्यक है जिससे यदि छात्रा अपने मार्ग से भ्रमित हो रहे हो तो उन्हें सही मार्ग दिखाया जा सकेद्य उन्होंने कहा हम अपने महाविद्यालय में समय-समय पर काउंसलिंग के कार्यक्रम को विश्वविद्यालय के सहयोग से समय-समय पर आयोजित करेंगे डॉ प्रकाश दुबे ने कहा की काउंसलिंग के द्वारा हमें कैरियर के अनेक संभावनाएं प्राप्त होती हैं धन्यवाद ज्ञापन डॉ ललित ने किया द्य इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं सहित एंप्लॉयमेंट ब्यूरो के अजय जैन एवं विभिन्न छात्र छात्राएं आदि उपस्थित रहे।


WORKSHOP ON CAREER COUNSELLING
Organized by
Employment Bureau of C.S.J.M.U.Kanpur & Janta College, Bakewar (Etawah)
09 December 2020 Time : 12:00PM to 01:00PM
Click to register -
https://docs.google.com/forms/d/e/1FAIpQLSc_w07JsiAr8hsQcYaG2jjJqv-KtRF7NDqPIGgZ2IHUWrB-1A/viewform?usp=sf_link
Dr. Shiva Mishra
Entrepreneur, Motivator,
Trainer & Success life builder
Speaker
Dr. Prakash Dubey
Convenor
Janta College Bakewar
Dr. Sidhanshu Rai
Chief Employment Bureau
C.S.J.M.U. Kanpur
Dr. Nalini Shukla
Principal
Janta College Bakewar